कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/

क्रमांक / व्यापम / परीक्षा / एफ–20 / 2024 / 1319 रायपुर, दिनांक 10/07/24

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन हेतु) (TET-2024) को महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा, धमतरी में पुनः आयोजित करने के सम्बंध में सूचना

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन हेतु) (TET-2024) का आयोजन व्यापम द्वारा दिनांक 23.06.2024 को अपरान्ह 2:00 ये 4:45 बजे के मध्य सभी 33 जिलों में किया गया था। परीक्षा केन्द्र 1520– महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा, जिला धमतरी में द्वितीय पाली में कुल 400 आबंटित परीक्षार्थियों में से 288 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। परीक्षा केन्द्र में उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) विलंब से प्राप्त होने के सम्बंध में कतिपय परीक्षार्थियों से लिखित अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। अभ्यावेदन पर जिला कलेक्टर, धमतरी से तथ्यात्मक प्रतिवेदन व्यापम द्वारा मंगाया गया। कलेक्टर, धमतरी से प्राप्त प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया कि सम्बंधित केन्द्र पर 1:30 घंटे विलंब से अपरान्ह 3:30 पर उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) वितरित की गई थी।

अतः परीक्षार्थियों के हित में व्यापम द्वारा पुर्न परीक्षा हेतु "विकल्प" देने का निर्णय लिया गया है । परीक्षा केन्द्र 1520– महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा, जिला धमतरी में दिनांक 23.06.2024 को द्वितीय पाली (अपरान्ह 2:00 से 4:45 बजे तक) में **उपस्थित 288 परीक्षार्थियों हेतु दिनांक 20.07.2024 को अपरान्ह 2:00 से 4:45 बजे तक छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन हेतु) TET 2024 पुनः इसी केन्द्र पर आयोजित की जा रही है । इस** परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र इन 288 परीक्षार्थियों के लॉगिन में दिनांक 15.07.2024 से उपलब्ध होंगे।

वे परीक्षार्थी जो दिनांक 20.07.2024 को आयोजित परीक्षा में शामिल होंगे उनकी पूर्व की उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) को निरस्त माना जायेगा व उनका परिणाम दिनांक 20.07.2024 को आयोजित होने वाली परीक्षा के उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जावेगा । जबकि जो परीक्षार्थी पुनः परीक्षा में शामिल नहीं होंगे उनका परिणाम दिनांक 23.06.2024 की उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जावेगा ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

पृ.क्र. / व्यापम / परीक्षा / एफ–20 / 2024 / 1320 रायपुर, दिनांक 10/07/24

प्रतिलिपि–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी, (चिप्स) स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित । कृपया इस सूचना को व्यापम की दोनों वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित करें साथ ही अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजने हेतु निर्देशित करें ।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
3. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

क्रमशः

4. नोडल अधिकारी, धमतरी, (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
5. प्राचार्य / कोऑर्डिनेटर, बाबू छोटेलाल शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, धमतरी, (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
6. प्राचार्य, परीक्षा केन्द्र क्र. 1520– महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा, धमतरी, (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
7. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक –ए, ग्राउण्ड फ्लोर, अटल नगर, नवा रायपुर, जिला –रायपुर, (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं उक्तानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित ।
8. वित्त अधिकारी, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
9. सहायक नियंत्रक, भंडार, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
10. सहायक नियंत्रक, स्थापना, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
11. प्रधान संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र– कृपया उक्त सूचना को परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर